*This question paper contains 3 printed pages.* **Your Roll No. ....................**

| | | |
|---|---|---|
| *Sl. No. of Ques. Paper* | **: 246** | **G** |
| *Unique Paper Code* | **: 241566** | |
| *Name of Paper* | **: 4(a): Indirect Taxes – Central Excise Law** | |
| *Name of Course* | **: B.A. (Prog.)** | |
| *Semester* | **: V** | |
| *Duration* | **: 3 hours** | |
| *Maximum Marks* | **: 75** | |

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिये गये निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिये।)*

NOTE:— *Answers may be written either in English or in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.*

**टिप्पणी:**— *इस प्रश्नपत्र का उत्तर अंग्रेज़ी या हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।*

*Attempt **all** questions. All questions carry equal marks.*

***सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

1. (a) "Excisable goods must be marketable." How do you define marketable goods?

"उत्पादन कर योग्य वस्तुओं को विपणनीय होना चाहिए।" विपणनीय वस्तुओं की आप परिभाषा कैसे देते हैं? 7

(b) Briefly discuss the Law of Excise in India explaining different types of Excise Duties.

भारत में उत्पादन कानून की संक्षेप में विवेचना कीजिए और उत्पादन शुल्कों की विभिन्न क़िस्मों की व्याख्या कीजिए। 8

*Or* (अथवा)

(a) Write a short note on the Taxable Event for the levy of Excise Duty.

उत्पादन शुल्क लगाने के लिए कर योग्य घटना पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। 7

(b) Define the term "manufacture" under Central Excise. Can mere re-packing or relabelling be deemed as manufacture for Excise Duty purposes? Elucidate.

केंद्रीय उत्पादन शुल्क के अंतर्गत निर्माण शब्द की परिभाषा दीजिए। क्या उत्पादन शुल्क के उद्देश्य से पुनः पैकिंग अथवा पुनः लेबलिंग को निर्माण के रूप में माना जा सकता है? व्याख्या कीजिए। 8

2. (a) Discuss the scheme of valuation based upon Maximum Retail Price.

अधिकतम खुदरा क़ीमत पर आधारित मूल्यांकन की योजना की विवेचना कीजिए। 7

(b) Mention the different methods of calculation of excise duty payable.

देय उत्पादन शुल्क के परिकलन की विभिन्न विधियों का उल्लेख कीजिये। 8

*Or* (अथवा)

(a) Discuss the applicability and provisions related to Compounded Levy Scheme.

योजित लेवी योजना की प्रयोज्यता और व्यवस्थाओं की विवेचना कीजिए। 7

(b) What is Specific Duty? Mention any *five* goods on which such duty is payable and also the basis on which it is charged.

विशिष्ट शुल्क क्या होता है? किन्हीं **पाँच** वस्तुओं का उल्लेख कीजिए जिन पर ऐसा शुल्क देय होता है और उस आधार को बताइए जिस पर इसे लगाया जाता है। 8

3. (a) What do you understand by the term CENVAT? Who are the persons eligible to claim CENVAT credit and on what basis?

CENVAT शब्द से आप क्या समझते हैं? CENVAT क्रैडिट की माँग करने वाले व्यक्ति कौन हैं और किस आधार पर माँग कर सकते हैं? 7

(b) Enumerate the cases where CENVAT credit will have to be reversed.

ऐसे केसों को बताइए जिनमें CENVAT क्रैडिट को प्रत्यावर्तित करना होगा। 8

*Or* (अथवा)

(a) What are the input services? Are they eligible for claiming CENVAT credit?

विशिष्ट सेवाएँ क्या होती हैं? क्या ये CENVAT क्रैडिट की माँग करने योग्य हैं? 7

(b) Explain the scheme of utilization of CENVAT credit with the help of an example.

CENVAT क्रैडिट के उपयोग की योजना की, उदाहरण की मदद से, व्याख्या कीजिए। 8

4. (a) Who are the persons exempted from registration under Central Excise Rules?

केन्द्रीय उत्पादन शुल्क नियमों के अंतर्गत वे व्यक्ति कौनसे हैं जिन्हें पंजीकरण से छूट प्राप्त है? 7

(b) Briefly discuss the procedure of Removal of Goods.

माल के निष्कासन की प्रक्रिया की संक्षेप में विवेचना कीजिए। 8

*Or* (अथवा)

(a) What are the different export procedures under Central Excise?

केन्द्रीय उत्पादन शुल्क के अंतर्गत निर्यात की विभिन्न प्रक्रियाएँ क्या हैं? 7

(b) Calculate the assessable value and the excise duty payable from the following particulars:

| | |
|---|---|
| List Price of the product (inclusive of VAT and Excise duty) | Rs. 21,580 |
| Trade discount (on gross amount of Rs. 21,580) | 10% |
| Excise Duty | 12·5% |
| VAT | 12·5% |

An exemption notification grants exemption of 50% of excise duty payable on this product.

निम्नलिखित विवरणों के आधार पर देय निर्धारणीय मूल्य और उत्पादन शुल्क का परिकलन कीजिए:

| | |
|---|---|
| उत्पाद की सूचीगत कीमत (VAT और उत्पादन शुल्क मिलाकर) | Rs. 21,580 |
| व्यापार बट्टा (21,580 रु० की सकल राशि पर) | 10% |
| उत्पादन शुल्क | 12·5% |
| VAT | 12·5% |

छूट की अधिसूचना, इस उत्पाद पर देय उत्पादन शुल्क के 50% की छूट की स्वीकृति देती है। 8

5. Write short notes on any *three* :

(i) E-Filing of Returns

(ii) Provisional Assessment

(iii) Annual Financial Information Statement

(iv) Power to Arrest (Sec 13 of Central Excise).

निम्नलिखित में से किन्हीं तीन पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए:

(i) रिटर्नों का ई-फाइलिंग

(ii) अंतरिम निर्धारण

(iii) वार्षिक वित्तीय सूचना कथन

(iv) बंदीकरण की शक्ति (केन्द्रीय उत्पादन शुल्क की धारा 13)। 5×3=15